web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union SJU

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार, 20 मई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 231

# उत्तर भारत में भीषण गर्मी, दक्षिण-पूर्वोत्तर बारिश से बेहाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक तरफ उत्तर भारत में लोग भीषण गर्मी झेल रहे हैं। कई शहरों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। वहीं, दक्षिणी राज्य कर्नाटक-केरल और पूर्वोत्तर में लोग बारिश से बेहाल हैं। कर्नाटक के बेंगलुरु में भारी बारिश के चलते दो मजदूरों की मौत हो गई और कई घरों में पानी भर गया है। वहीं, केरल में चार जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। असम में लगातार बारिश से 25 जिले बाढ़ से घिर गए हैं। अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इन राज्यों में दो-तीन राहत के आसार नहीं हैं।

हरियाणा-पंजाब में बुधवार को भी गर्म मौसम का कहर जारी रहा। ज्यादातर जगहों पर अधिकतम पारा सामान्य से ऊपर बना रहा। गुरुग्राम में 44.7 डिग्री जबकि हिसार में 43.2 डिग्री, सिरसा में 43.8 डिग्री, रोहतक में 41.9 डिग्री और भिवानी में अधिकतम 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच, पंजाब के बठिंडा में 44 डिग्री, अमृतसर में 41.2 डिग्री, लुधियाना में 42.1 डिग्री और पटियाला में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**राजस्थान: दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी-** राजस्थान में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, जोधपुर और बीकानेर संभाग में अगले तीन दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की संभावना है। नए पश्चिमी विक्षोभ और हल्की बारिश के कारण 21 मई से इसके बदलने की संभावना है। बुधवार को धौलपुर में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री, पिलानी में 45.2 डिग्री, चूरू में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**कर्नाटक : मृतक यूपी-बिहार के-** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान बेंगलुरु में और बारिश होने का बुधवार को अनुमान जताया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के रहने वाले देवव्रत और उत्तर प्रदेश निवासी अंकित कुमार के तौर पर हुई है। उल्लाल इलाके में पाइपलाइन बिछाने के दौरान अंदर जलस्तर बढ़ गया और वे उसमें डूब गए। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और कई इलाकों में गाडि़यां डूब गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को शहर के बारिश प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा किया। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को मृतकों के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। आने वाले दो से तीन दिनों में कर्नाटक में भारी बारिश होने की संभावना है।

**केरल: में लगातार भारी बारिश-** केरल में भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने राज्य के चार जिलों के वास्ते रेड अलर्ट जारी किया। इसका मतलब है कि इन जिलों में भारी बारिश हो सकती है। रेड अलर्ट कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड के लिए जारी किए गए हैं। सुबह में आईएमडी ने चार जिलों के साथ-साथ त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम सहित सात जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम के लिए जारी ऑरेंज प्रभावी रहेगा। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अगले पांच दिनों में राज्य में भारी बारिश की संभावना जताई है। एनडीआरएफ ने केरल में पहले ही पांच दलों को तैनात कर दिया है।

असम: **अभी राहत के आसार नहीं-** असम में बाढ़ की वजह से हालात खराब हो गए हैं। अब तक आठ लोगों की मौत बाढ़ के चलते हो चुकी है, जबकि पांच लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने अभी और बारिश के आसार जताए हैं। राहत और बचाव के लिए सेना, अर्द्ध सैनिक बलों और एनडीआरएफ को भी उतारा गया है। दितोचेरा में फंसे 1,600 से ज्यादा रेल यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मूसलधार बारिश के कारण क्षेत्र में भूस्खलन और रेल-सडक़ मार्गों के कटाव का दायरा बढ़ता जा रहा है। डीमा हासाऊ जिले में हालात बदतर हैं।

**मणिपुर: बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त**
मणिपुर में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसी बीच राज्य सरकार ने कहा है कि वह इन समस्याओं से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बाढ़ और भूस्खलन की वजह से एक बेली पुल के ढह गया है जिसके कारण इम्फाल जिरीबाम राजमार्ग काट दिया गया है। इंफाल माओ राजमार्ग पर आवागमन को रोक दिया गया। मौसम खराब होने से टेलीफोन, बिजली आपूर्ति बाधित रही। राज्य की प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

**ओडिशा: अगले सप्ताह से लू की संभावना**
ओडिशा में अगले सप्ताह से एक बार फिर तेज गर्मी पड़ सकती है क्योंकि पारा कई डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य में अगले तीन दिनों तक गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद अगले सप्ताह से तापमान में वृद्धि होगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### औरंगजेब का मकबरा : महाराष्ट्र में हलचल तेज, पांच दिनों के लिए बंद किया गया स्मारक

**मुंबई (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी मस्जिद मामले के बीच महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे पर भी हलचल तेज हो गई है। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पांच दिनों के लिए मकबरे को बंद करने का फैसला लिया है। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रवक्ता गजानन काले समेत कई नेताओं ने स्मारक पर सवाल उठाए थे। औरंगाबाद के खुलटाबाद इलाके में एक मस्जिद समिति ने जगह पर ताला लगाने की कोशिश की थी। इसके बाद एएसआई की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। मनसे प्रवक्ता ने कहा था कि इस स्मारक को खत्म करने देना चाहिए। इसके बाद से ही एएसआई ने अतिरिक्त गार्ड्स की तैनाती कर दी थी। औरंगाबाद में पुलिस अधिकारी ने कहा, पहले मस्जिद समिति ने जगह को बंद करने की कोशिश की थी, लेकिन हमने इसे खोला। बुधवार को हमने मकबरे को अगले पांच दिनों के लिए बंद करने का फैसला किया। उन्होंने आगे जानकारी दी, हम हालात की समीक्षा करेंगे और तय करेंगे कि इसे खोलना है या अगले पांच दिन और बंद रखना है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने भी कहा, राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो इसके लिए मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे 5 दिनों तक बंद रहेगा। ऑल इंडिया मजसलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी इस महीने मकबरे पर पहुंचे थे। एआईएमआईएम नेता के इस दौरे की राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना ने खासी आलोचना की थी। ओवैसी की आलोचना करने वालों में राज ठाकरे के नेतृत्व वाली मनसे का नाम भी शामिल है।

### पंजाब पुलिस ने किया जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस ने आज एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। खबर है कि गोपनीय जानकारी साझा करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के भी गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और देशद्रोहियों के नेटवर्क को तोडऩे के लिए अभियान चला रही है। फिलहाल, इस मामले में जांच जारी है। खुफिया कार्रवाई में राज्य के स्पेशल ऑपरेशन सेल अमृतसर ने कोलकाता के रहने वाले जफर रियाज और बिहार के मोहम्मद शमशाद को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने जानकारी दी है कि ये दोनों अमृतसर के मीराकोट चौक पर किराए की जगह पर रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामले में ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हाल ही में पंजाब के मोहाली स्थित पुलिस के इंटेलीजेंस हेडचर्टर्स पर हमला हुआ था। आरोपियों ने रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड के जरिए पुलिस कार्यालय की इमारत को निशाना बनाया था। शुक्रवार को पंजाब पुलिस ने मामले में लखबीर सिंह लांडा को मामले का मुख्य साजिशकर्ता घोषित किया था।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

**कानपुर देहात (आरएनएस)।** राजपुर व सिकंदरा के मध्य में मुगलरोड पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को बुलवाने के बाद दोनों को उपचार के लिए भेजा, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। राजपुर थाने के डाढ़ापुर गांव के रहने वाले सुनील सिंह बुधवार रात गांव के ही राम आसरे के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात दोनों बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे। सिकंदरा व राजपुर के मध्य में मुगलरोड पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार लेकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर एसओ राजपुर अनुराग पांडेय व एसआई अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे तथा दोनों के परिजनों को सूचना देकर गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को जिला अस्पताल भेजा। वहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डा. मयंक मिश्रा ने सुनील को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रामआसरे के परिजन उसको वहां से अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। दोनों के परिजनों के बिलखने से कोहराम मच गया। दुर्घटना के बाद फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

## रोड रेज मामला : नवजोत सिद्धू को सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई एक साल की सजा, हिरासत में लेगी पंजाब पुलिस

**नई देल्लिी (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने 1988 के रोड रेज मामले में कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को एक साल की सजा सुनाई। गौरतलब है कि पीड़ित परिवार की ओर से इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी। सिद्धू की सजा बढ़ाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। बताया जा रहा है कि अब सिद्धू को पंजाब पुलिस हिरासत में लेगी। जानकारी के मुताबिक ये घटना 27 दिसंबर 1988 की शाम की है। उस दौरान सिद्धू क्रिकेटर हुआ करते थे और वो अपने दोस्त रूपिंदर सिंह संधू के साथ पटियाला के शेरावाले गेट की मार्केट में गए थे। वहां पर पार्किंग में उनकी एक 65 साल के बुजुर्ग गुरनाम सिंह से



कहासुनी हो गई। इस दौरान सिद्धू ने से घुटना मारकर गिरा दिया। आनन-फानन में उनको अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद पंजाब पुलिस ने सिद्धू और उनके दोस्त के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। 1999 में सेशन कोर्ट ने सिद्धू को राहत देते हुए केस खारिज कर दिया। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा, वहां 2006 में फैसला आया। जिसमें सिद्धू और उनके दोस्त को 3-3 साल की सजा सुनाई गई। इसके बाद ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी। साथ ही 2018 में उन्हें सेक्शन 323 के तहत दोषी माना, लेकिन गैर इरादतन हत्या वाला आरोप हटा दिया गया। इस वजह से सिद्धू जुर्माना देखकर छूट गए थे।

इस फैसले के बाद फिर से मृतक के परिजनों ने रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी। जिस पर सितंबर 2018 में कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया। इसके बाद मार्च 2022 में इस केस में फैसला सुरक्षित रखा गया था, जो गुरुवार को सुनाया गया।

## राज कुंद्रा की फिर बढ़ी मुश्किलें, पोर्न रैकेट केस में अब ईडी ने दर्ज किया मामला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल सामने आए कथित पोर्न रैकेट के सिलसिले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इस मामले में राज कुंद्रा को 20 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

जुलाई में राज कुंद्रा की गिरफ्तारी से पहले मुंबई पुलिस ने इस मामले में फरवरी में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। मामले में शामिल आरोपी कथित तौर पर अश्लील फिल्में बना रहे थे और वेब सीरीज या बॉलीवुड फिल्मों में भूमिका का वादा कर लोगों को ठग रहे थे। महत्वाकांक्षी मॉडल और अभिनेताओं को फिल्मी भूमिकाएं देने का वादा किया गया था और इन अश्लील फिल्मों को करने के लिए कहा गया था।




शूटिंग मड द्वीप या मलाड में अक्सा के पास किराए के बंगलों या अपार्टमेंट में हुई थी। शूटिंग के दौरान आरोपी अभिनेत्रियों से एक अलग स्क्रिप्ट के लिए शूट करने के लिए कहता था और उन्हें न्यूड सीन शूट करने के लिए भी कहता था। अगर किसी एक्ट्रेस ने मना किया तो उन्हें कथित तौर पर धमकी दी गई और फिर शूटिंग का खर्चा भी देने को कहा गया।

शॉट क्लिप्स को उन एप्लिकेशन पर अपलोड किया जाएगा जो सब्सक्रिप्शन-आधारित थे और सब्सक्राइबर्स को कंटेंट देखने के लिए भुगतान करना पड़ता था और कंटेंट को देखने के लिए सब्सक्राइबर को एक निश्चित राशि का भुगतान करना होता था।

जैसे ही मुंबई पुलिस ने पोर्नोग्राफी फिल्मों के मामले में अपनी जांच जारी रखी, उन्हें हॉटशॉट्स की संलिप्तता का पता चला। आगे की जांच से पता चला कि राज कुंद्रा की फर्म, वियान का यूके स्थित फर्म केनरिन के साथ एक समझौता था, जिसके पास हॉटशॉट्स ऐप था। फर्म का स्वामित्व ब्रिटेन में राज कुंद्रा के बहनोई के पास था। हॉटशॉट्स ऐप का इस्तेमाल अश्लील क्लिप अपलोड करने के लिए किया जाता था।

## पैंगोन्ग झील पर नहीं थम रही चीन की चालबाजियां, अब शुरू किया दूसरे पुल का निर्माण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पैंगोन्ग झील पर चीन की गतिविधियां थमी नहीं हैं। अब पड़ोसी ने झील पर दूसरे पुल का निर्माण शुरू कर दिया है। हाल ही में चीन ने भारत के दावे वाले इसी क्षेत्र में एक पुल का निर्माण किया था। कहा जा रहा है कि दूसरा पुल भारी बख्तरबंद वाहन की आवाजाही के लिए सक्षम होगा। फिलहाल, भारतीय सेना की तरफ से कथित निर्माण को लेकर प्रतिक्रिया नहीं आई है।



अप्रैल में बनकर तैयार हुए संकरे पुल के बराबर में दूसरे पुल का निर्माण किया जा रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों का आकलन करने वाले जानकार बताते हैं कि पहले पुल का इस्तेमाल क्रेन जैसे उपकरण का आवाजाही में इस्तेमाल हुआ, जो दूसरे पुल को तैयार करने के लिए जरूरी है।

जनवरी में जब पैंगोन्ग झील के उत्तरी और दक्षिण किनारों को जोडऩे वाले पुल के निर्माण की बात सामने आई थी, तो उसपर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी थी। सरकार ने कहा था कि ढांचा जिस जगह पर स्थित है, वह 60 साल से ज्यादा समय से चीन के अवैध कब्जे में है। प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत ने कभी भी ऐसा अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया।


आंकड़े बताते हैं कि दूसरा पुल 10 मीटर चौड़ा और 450 मीटर लंबा होगा। विश्लेषक डेमियन साइमन बताते हैं, पुल के दोनों छोर को जोड़ते हुए बराबर में सडक़ संपर्क का काम शुरू हो गया है।

ये दोनों पुल 134 किमी लंबी झील के सबसे संकरे हिस्से पर बने हुए हैं। पहला पुल उत्तरी किनारे पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की पोजिशन के दक्षिण में बना हुआ है। दोनों पुल उत्तरी किनारे से लेकर रुतोग स्थित पीएलए के अहम बेस की दूरी को कम कर देंगे। वास्तविक नियंत्रण रेखा के लद्दाख सेक्टर में भारत और चीनी सैनिकों के बीच जारी टकराव 2.5 साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल विनोद भाटिया का कहना है कि निर्माण कार्य इस बात का संकेत है कि चीन इलाके में बना रहना चाहता है। उन्होंने कहा, यह झील पर सैन्य गतिविधियों को तेज करने में मदद करेगा।

## ज्ञानवापी विवाद में अब आज होगी सुको में सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत में हिंदू पक्ष ने वक्त मांगा, जिस पर अदालत ने शुक्रवार दोपहर 3 बजे सुनवाई का वक्त तय किया है। इस दौरान सभी पक्षों को अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। दरअसल गुरुवार को जब मामले की सुनवाई शुरू हुई तो हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने अदालत में कहा कि उनके साथी सीनियर अधिवक्ता हरिशंकर जैन की तबीयत ठीक नहीं है। इसलिए अदालत शुक्रवार इस मामले की सुनवाई करे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोपहर 3 बजे सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी।



इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी कोर्ट में सुनवाई पर भी रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया है कि वह शुक्रवार तक इस मामले पर अपनी सुनवाई रोक दे। इससे पहले वाराणसी कोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे की रिपोर्ट पेश की गई है। इस रिपोर्ट में मिले साक्ष्यों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन कोर्ट कमिश्नर ने इस पर कोई भी खुलासा करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट कमिश्नर विशाल कुमार सिंह ने कहा कि इसके बारे में कोई खुलासा तभी किया जा सकता है, जब अदालत उसकी समीक्षा कर ले। स्पेशल कोर्ट कमिश्नर की ओर से 12 पन्ने की दूसरी रिपोर्ट भी अदालत को सौंपी गई है। 12 पन्नों की इस रिपोर्ट में नक्शा और फोटोग्राफ्स भी लगाए गए हैं। छह व सात मई की रिपोर्ट बुधवार को ही सौंप दी गई थी। दूसरी रिपोर्ट में 14, 15 व 16 मई की कार्यवाही को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि ज्ञानवापी सर्वे को लेकर देश में राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने सर्वे रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर तंज कसा है।

## पीएम ने स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित 'युवा शिविर' को सम्बोधित किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये करेलीबाग, वडोदरा में आयोजित 'युवा शिविर' को सम्बोधित किया। स्वामीनारायण मंदिर, कुलधाम और करेलीबाग, वडोदरा स्थित स्वामी नारायण मंदिर ने शिविर का आयोजन किया।



उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे ग्रंथ हमें सीख देते हैं कि हर पीढ़ी में निरंतर चरित्र-निर्माण करना ही हर समाज की बुनियाद है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह का जो शिविर आज चलाया जा रहा है, वह न केवल हमारे युवाओं में अच्छे 'संस्कार' पैदा कर रहा है, बल्कि वह समाज, अस्मिता, गौरव और राष्ट्र के पुनर्जागरण के लिये पवित्र तथा नैसर्गिक अभियान भी है।

प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि नये भारत के निर्माण के लिये सामूहिक संकल्प किया जाये और मिलकर प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि ऐसा नया भारत, जिसकी पहचान नई हो, जो दूरदर्शी हो और परंपरायें प्राचीन हों। एक ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां भी चुनौतियां हैं, वहां आशा के साथ भारत मौजूद है, जहां भी समस्या है, वहां भारत समाधान देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल के संकट के बीच दुनिया को वैक्सीन और दवाइयां पहुंचाने से लेकर बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला के बीच आत्मनिर्भरता की उम्मीद तक, वैश्विक शांति और संघर्षों के बीच शांति के लिये एक सामर्थ्यवान राष्ट्र की भूमिका तक, भारत आज दुनिया की नई उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम पूरी मानवता को योग का रास्ता दिखा रहे हैं, आयुर्वेद की ताकत से परिचित करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि आज, जनभागीदारी के बढऩे के साथ सरकार के काम करने और समाज के सोचने का तरीका बदल गया है। आज, भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी स्टार्ट-अप प्रणाली है, जिसका नेतृत्व भारत के युवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सॉफ्टवेयर से लेकर अंतरिक्ष तक, एक नये भविष्य के लिये तत्पर देश के रूप में उभर रहे हैं। हमारे लिये संस्कार का अर्थ है - शिक्षा, सेवा और संवेदनशीलता! हमारे लिये संस्कार का अर्थ है – समर्पण, संकल्प और सामर्थ्य! हम अपना उत्थान करें, लेकिन हमारा उत्थान दूसरों के कल्याण का भी माध्यम बने। यही भगवान स्वामीनारायण की शिक्षाओं का सार है और यही भारत की प्रकृति भी है।

प्रधानमंत्री ने वडोदरा के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया और अपने निजी और राजनीतिक जीवन में इस स्थान के महत्त्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' के आधार पर वडोदरा विश्व आकर्षण का महत्त्वपूर्ण स्थान बन गया है, यानी स्टेच्यू ऑफ यूनिटी। इसी तरह, पावागढ़ मंदिर भी दुनिया में सबको आकर्षित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'संस्कार नगरी' वडोदरा भी पूरी दुनिया में जाना जा रहा है, क्योंकि वडोदरा निर्मित मेट्रो कोचों का इस्तेमाल विश्वभर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि यही वडोदरा की शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें देश के स्वतंत्रता संग्राम में मरने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन हम देश के लिये जी सकते हैं। उन्होंने सवाल किया, क्या 15 अगस्त, 2023 तक, हम नकदी लेन-देन समाप्त कर सकते हैं और क्या डिजिटल भुगतान को अपना सकते हैं? आपका छोटा सा योगदान छोटे व्यापारों और विक्रेताओं के जीवन में भारी बदलाव ला सकता है। इसी तरह, स्वच्छता, सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल और कुपोषण को रोकने के लिये भी संकल्प किया जा सकता है।